आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com


Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 363 | जयपुर, सोमवार 13 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



गुरुजी स्वर्गीय ... पेज 2



यमुना जल समझौता... पेज 3

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटा, सडक बही

## उत्तराखंड के हाइड्रो प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड, गाडियां-मशीनें मलबे में दबीं







**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** पहाडी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बड गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सडक बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में लैंडस्लाइड हो गई। कई वाहन और मशीनें मलबे में दब गईं। उधर, देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब हो गए हैं। राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में अगले 5 दिन तक बारिश की संभावना भी कम है। बारिश रुकने से मध्य प्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में तापमान बड गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मानसून को सक्रिय रखने वाले सिस्टम कमजोर पड़ा

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब होने के पीछे सबसे बड़ी वजह मानसून को सक्रिय रखने वाले सिस्टम का कमजोर पड़ना है। 9 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में कोई नया मजबूत लो-प्रेशर सिस्टम नहीं बना, जिससे मानसूनी हवाओं को पर्याप्त नमी नहीं मिल सकी। इसके साथ ही मानसून ट्रफ भी अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है। इसकी वजह से मध्य, पश्चिम और दक्षिण भारत के बड़े हिस्से में बादल और बारिश की गतिविधियां काफी कम हो गई हैं। फिलहाल बारिश मुख्य रूप से उत्तर भारत, पूर्वी राज्यों और पूर्वोत्तर तक सीमित है। आईएमडी का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के फिर से पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना कम है।

### जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बादल ज्यादा फटते हैं

जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की सबसे बड़ी वजह हिमालय की ऊंची पर्वत श्रृंखलाएं हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी भरी हवाएं इन पहाड़ों से टकराकर ऊपर उठती हैं। ऊपर जाते ही हवा ठंडी हो जाती है और उसमें मौजूद नमी तेजी से बादलों में जमा होने लगती है। इसके अलावा, संकरी घाटियां और ऊंची चोटियां बादलों को एक जगह रोक देती हैं। इससे कम क्षेत्र में बहुत ज्यादा नमी इकट्ठी हो जाती है। जब बादल इतना पानी संभाल नहीं पाते, तो अचानक बेहद तेज बारिश होती है। यही वजह है कि डोडा, किश्तवाड़, रामबन, पुंछ, राजौरी, सोनमर्ग और कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बादल फटने की घटनाएं मैदानी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा होती हैं।

### बादल फटने का मतलब क्या?

बादल फटना का मतलब यह नहीं है कि बादल सचमुच फट जाता है। यह एक मौसम संबंधी घटना है, जिसमें बहुत छोटे इलाके में बहुत कम समय में बेहद तेज बारिश होती है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगर 20-30 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में एक घंटे या उससे कम समय में 100 मिमी या उससे ज्यादा बारिश हो जाए, तो उसे बादल फटना कहा जाता है। ऐसा तब होता है, जब हवा में मौजूद नमी एक जगह इकट्ठी हो जाती है। खासकर पहाड़ी इलाकों में पहाड़ नमी से भरी हवाओं को आगे बढ़ने नहीं देते। नमी लगातार जमा होती रहती है और अचानक बहुत तेज बारिश के रूप में बरस जाती है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी; शंकराचार्य बोले- मंदिर BJP-RSS का दफ्तर

### पुलिस टिन्नू की रिमांड मांगेगी; पोस्टर लगवाने वाले सपा नेता समेत 3 गिरफ्तार




**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को कहा- राम मंदिर अभी राम मंदिर नहीं, बल्कि आरएसएस और BJP का कार्यालय है। जब यह वास्तव में राम मंदिर बन जाएगा, तभी दर्शन करने जाऊंगा। उन्होंने कहा, 'राम मंदिर ट्रस्ट भी सरकार ने बनाया है। SIT भी सरकार ने ही बनाई। वही चोर, वही पुलिस, क्या निर्णय होगा।' शंकराचार्य 81 दिन की गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। इसी के तहत सुबह साढ़े 8 बजे रायबरेली पहुंचे। इधर, पुलिस आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को रिमांड पर ले सकती है। दोनों को सोमवार को फैजाबाद कोर्ट में पेश करेगी और 7 दिन की रिमांड मांग सकती है। पुलिस जांच में पता चला था कि राम मंदिर के सभी 54 दानपात्रों की एक चाबी आरोपी टिन्नू यादव के पास रहती थी। गोरखपुर में चढ़ावा चोरी को लेकर पोस्टर लगवाने वाले सपा नेता अरविंद शुक्ला समेत 3 लोगों को पुलिस ने शनिवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने शुक्रवार रात पोस्टर लगवाए थे। जिस पर लिखा था- 'राम नाम जपना, श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया दान अपना। रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलयुग आएगा, चोर करेगा मंदिर में चोरी, चौकीदार देखता रह जाएगा।'

### महंत कमल नयन दास बोले- चंपत राय ने कोई चोरी नहीं की

महंत कमल नयन दास जी महाराज ने राम मंदिर दान चोरी मामले पर कहा, राष्ट्र विरोधी लोग सनातन धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दूध का दूध पानी का पानी कर देंगे। चंपत राय को हम बहुत दिन से जानते हैं। राम जन्मभूमि के आंदोलन और निर्माण कार्य में चंपत राय का बड़ा बलिदान रहा है। लोगों ने उनके साथ विश्वासघात किया है। चंपत राय ने कोई चोरी नहीं की।


### कांग्रेस नेता बोलीं- चढ़ावा चोरी मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने कहा- **RSS, VHP** और भाजपा ने मिलकर देश की धर्मप्रेमी जनता की कड़ी मेहनत की कमाई को लूटा है। प्रधानमंत्री गायब हैं, आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत एक शब्द नहीं कर रहे हैं। एक **SIT** बना दी गई है जिसकी मांग खुद राम मंदिर ट्रस्ट ने की थी। मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया है। हम मांग कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इस पूरे मामले की जांच हो, राम मंदिर ट्रस्ट को भंग किया जाए।

# ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 6 देशों पर हमला किया

## अमेरिकी अटैक के जवाब में कार्रवाई, यूएस ने ईरान के 140 ठिकानों पर बम गिराए

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका की एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने मिडिल-ईस्ट में जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रविवार को ईरान ने 6 देशों जॉर्डन, कुवैत, बहरीन, कतर, UAE और ओमान में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और रणनीतिक ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने ईरान के करीब 140 सैन्य ठिकानों पर बमबारी की थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह बमबारी होर्मुज स्ट्रेट में साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर ईरान के हमले के बाद की गई। जहाज में आग लग गई, इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दल का एक सदस्य लापता हो गया। इसके बाद ईरान ने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयरबेस, कुवैत में अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम और रडार साइट, बहरीन में अमेरिकी सैन्य संचार केंद्र, जबकि कतर और UAEकी ओर भी मिसाइल और ड्रोन दागे। इसके अलावा ईरान ने अगले आदेश तक होर्मुज को बंद करने का ऐलान भी किया है। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।



### ईरान बार-बार जहाजों को निशाना क्यों बना रहा?

**होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखना:** ईरान चाहता था कि सभी जहाज उसके तय किए गए रूट से गुजरें और उसकी बनाई ट्रांजिट अथॉरिटी में रजिस्ट्रेशन कराएं। इससे उसे होर्मुज पर नियंत्रण और भविष्य में शुल्क वसूलने का अधिकार मिलता।

**ओमान के वैकल्पिक रूट का विरोध:** ओमान ने अपने तट के पास नया समुद्री मार्ग शुरू कर दिया, जिससे जहाज ईरान के नियंत्रण वाले रूट से बचकर निकल सकते थे। ईरान को लगा कि इससे होर्मुज पर उसकी पकड़ कमजोर हो जाएगी।

**अमेरिका पर दबाव:** ईरान को लग रहा है कि अमेरिका क्षेत्र में उसकी ताकत कम करने की कोशिश कर रहा है और हॉर्मुज का कंट्रोल लेना चाहता है।

### पिछले 24 घंटे के 4 बड़े अपडेट्स

ईरान के नए सुप्रीम लीडर बोले- पिता की मौत का बदला लेंगे- अली खामेनेई के निधन के बाद पहली बार नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि अपने पिता और युद्ध में मारे गए लोगों के खून का बदला लिया जाएगा।

**CNN का दावा- ईरान ने परमाणु ठिकानों को दोबारा बनाना शुरू किया:** CNN ने सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर दावा किया कि ईरान पारचिन समेत कुछ न्यूक्लियर साइट्स की मरम्मत और दोबारा निर्माण कर रहा है। रिपोर्ट में इसे अमेरिका-ईरान रूश का संभावित उल्लंघन बताया गया।

**ईरानी विदेश मंत्री बोले- अमेरिका समझौता तोड़ रहा:** विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका खुद रूश का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि समझौता तभी चलेगा, जब दोनों पक्ष उसका पालन करें।

**ट्रम्प की ईरान को सबसे बड़े हमले की चेतावनी:** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की, तो अमेरिका हजारों मिसाइलों से जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि जवाबी कार्रवाई के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं।

### UAE बोला- हमारी सीमा में कोई मिसाइल नहीं आई

ईरान के हमलों के बीच संयुक्त अरब अमीरात ने कहा है कि उसकी सीमा के भीतर कोई मिसाइल नहीं आई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार सुबह जिन मिसाइलों का पता चला, वे देश की सीमा के बाहर थीं। मंत्रालय के मुताबिक, एयर डिफेंस और निगरानी प्रणाली पूरी तरह अलर्ट पर है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### भारत ने ओमान के पास जहाज पर हमले की निंदा की

भारत ने ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'GFS Gala&4% पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर सवार 11 भारतीयों में से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक अब भी लापता है। MEA ने कहा कि मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन पर नजर रखे हुए है। भारत ने नागरिक जहाजों पर हमले रोकने, तनाव कम करने और क्षेत्र में जल्द शांति बहाल करने की अपील की है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही बहाल करने की भी मांग की है।

### ईरान ने ओमान पर भी ड्रोन हमला किया

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ओमान भी इसकी चपेट में आ गया है। ओमानी सरकार ने पुष्टि की है कि देश के मुसंदम गवर्नरेट में ड्रोन हमले हुए हैं। ओमान सरकार ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि देश और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, हमले में किसी के हताहत होने या नुकसान की जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। इससे पहले ईरान की IRGC ने दावा किया था कि उसने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर अमेरिकी विमानवाहक पोतों के लॉजिस्टिक सपोर्ट सेंटर और ईंधन आपूर्ति ठिकानों पर बड़ा हमला किया है।


# भारत पहली बार सीरीज में 4 मैच हारा:बटलर और ब्रूक की रिकॉर्ड साझेदारी

## ट्रैफिक में फंसी टीम इंडिया, स्टेडियम देरी से पहुंची

**साउथैम्पटन।** इंग्लैंड ने पांचवे टी-20 मैच में भारत को 56 रन से हरा दिया। टीम इंडिया पहली बार किसी सीरीज या टूर्नामेंट में 4 मैच हारी है। इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257 रन बनाए। यह भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। यह मैच आधे घंटे से देरी से शुरु हुआ। दरअसल भारतीय टीम ट्रैफिक की वजह से आधे घंटे देरी से स्टेडियम पहुंची।

### भारत के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना

इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 257 रन बनाए। टी-20 में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का यह सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के ही नाम था। टीम ने 2026 में वानखेड़े स्टेडियम में 246 रन बनाए थे।




### भारत सीरीज में 4 मैच हारा

भारत सीरीज में 4 मैच हारा। यह किसी टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट में भारत को मिली सबसे ज्यादा हार है। इससे पहले टीम किसी भी सीरीज या टूर्नामेंट में 3 से ज्यादा मैच नहीं हारी थी।

### ब्रूक ने 229 रन बनाए

हैरी ब्रूक ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 229 रन बनाए। वे भारत के खिलाफ किसी बाइलेटरल सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 2022 में भारत के खिलाफ 3 मैचों में 184 रन बनाए थे।

### इंग्लैंड ने 17 छक्के लगाए

इंग्लैंड ने साउथैम्पटन में 17 छक्के लगाए। यह भारत का किसी टी-20 मैच में दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। वेस्टइंडीज ने 2016 में भारत के खिलाफ सबसे छक्के लगाए थे। उन्होंने लॉडरहिल में खेले गए मुकाबले में 21 छक्के लगाए थे। श्रेयस अय्यर ने टी-20 में लगातार टॉस जीतने के मामले में धोनी की बराबरी की। उन्होंने 2026 में लगातार 7वीं बार टॉस जीता।

## गुरूजी स्वर्गीय श्री रामबाबू सैनी की 29वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधारोपण किया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** गुरूजी स्वर्गीय श्री रामबाबू सैनी की 29वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वार्ड नंबर 5 मालियों की ढाणी में सैनी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि स्वरूप पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने उनके सामाजिक योगदान और आदर्शों को याद करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सिंगर शिक्षक बीआर वर्मा उदावाला, विजयपाल सैनी, कुनाल भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पौधे लगाकर स्वर्गीय सैनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय रामबाबू सैनी ने अपने जीवन में शिक्षा, समाज सेवा और मानवता के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। पौधारोपण जैसे कार्य उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

## तोषनीवाल को महादेव माहेश्वरी क्लब युवा साथियों ने दी बधाई

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव बनने पर आशीष तोषनीवाल का महादेव माहेश्वरी क्लब के युवा साथियों ने बधाई दी। इस अवसर पर रवि पेड़ीवाल, प्रकाश रांदड, सुभाष खटोड़, रवि चांडक , राहुल छापरवाल, केशव मालपानी, मनीष भूतडा, पंकज तोतला, पंकज भट्टड़, ऋतिक साबू, दीपक अजमेरा, मनीष साबू, पीयूष काबरा, पवन लड्ढा, राघव कोठारी समेत अनेक समाज बंधु मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आशु कवि कमल मनोहर व लोक गायक प्रकाश गुर्जर का किया सम्मान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर सुप्रसिद्ध मंच संचालक एवं आशु कवि कमल मनोहर तथा लोक गायक प्रकाश गुर्जर का सम्मान किया। दोनों कलाकारों को यमुना जल समझौते, रिफाइनरी परियोजना, जोधपुर हवाई अड्डे के लोकार्पण एवं प्रदेश के विकास कार्यों पर आधारित लोकगीत के सृजन और प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि लोकभाषा और लोकसंगीत के माध्यम से जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाना सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे रचनात्मक प्रयास जनजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर आशु कवि कमल मनोहर ने बताया कि भाग्यशाली भजनलाल श्रृंखला के अंतर्गत शीघ्र ही नए लोकगीत जारी किए जाएंगे। इन गीतों में राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा आमजन से जुड़े विषयों को लोकभाषा में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्थान निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। यमुना जल समझौता, रिफाइनरी परियोजना, जोधपुर हवाई अड्डे का विकास तथा मेट्रो विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रदेश की प्रगति और समृद्धि को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर रोहित गुर्जर, कैलाश छेला एवं शिवम कमल भी उपस्थित रहे।

## भाविप श्री करणी इकाई द्वारा आदर्श विद्या मंदिर में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**देशनोक/बीकानेर।** भारत विकास परिषद (भाविप), श्री करणी इकाई देशनोक द्वारा रविवार को स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर स्कूल परिसर में एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिसर में 25 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही संस्था द्वारा पर्यावरण के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए आगामी सप्ताह में 25 और पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया। आज रोपे गए 25 पौधे शाखा उपाध्यक्ष प्रवीण जी बारहठ के सौजन्य से प्रदान किए गए थे। पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, विद्यालय स्टाफ और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लेते हुए समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक शांति लाल बरड़िया, शाखा अध्यक्ष विनोद भूरा, सचिव नन्दकिशोर मोहता, उपाध्यक्ष प्रवीण बारहठ, पर्यावरण संयोजक कैलाश दान बारहठ, संस्कार संयोजक रामनारायण बारहठ तथा सम्पर्क संयोजक भँवर गिरी उपस्थित रहे। इनके साथ ही पूर्व अध्यक्ष धीरज चारण, मोती लाल बुच्चा, शंकर दान सिंहढायच, रामरतन गोयल, सुमेर दान चारण, भरत नाहटा, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल सुनील कुमार, शिक्षाविद गोपाल मारु एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण कथा में गूंजे शिव-पार्वती विवाह के मंगल गीत, श्रद्धालुओं ने किया कन्यादान

**कोटा।** गिर्राज धाम कॉलोनी, सोगरिया (कोटा) में आयोजित श्री शिव महापुराण दिव्य कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। कथाव्यास पंडित पवन तिवारी जी ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों में माता सती के त्यागमय चरित्र तथा भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान पूरा कथा पंडाल मंगल गीतों और जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का आनंद लिया तथा धार्मिक परंपरा के अनुसार माता पार्वती के विवाह में प्रतीकात्मक कन्यादान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा के अंत में भगवान शिव से समस्त जनमानस के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना की गई।

महिला सुरक्षा संकल्प अभियान

# डीग पुलिस के थाना कोतवाली डीग, थाना कामां एवं थाना कुम्हेर मे आयोजित किया गया महिला-संवाद कार्यक्रम

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में तथा नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग श्री अकलेश कुमार शर्मा, के निकट सुपरविजन मे आज डीग पुलिस के थाना कोतवाली डीग, थाना कामां एवं थाना कुम्हेर मे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, महिला अपराधों के प्रति त्वरित,



संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा समाज में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के थाना कोतवाली डीग, थाना कामां एवं थाना कुम्हेर में महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, अधिकारों एवं पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुरक्षा सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । संवाद कार्यक्रम में महिलाओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा, बालिका सुरक्षा, मानव तस्करी, छेडछाड, स्टॉकिंग तथा अन्य महिला अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की आपराधिक अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना बिना किसी भय या संकोच के तत्काल पुलिस को दें, ताकि समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिला पुलिस महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक महिला को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित कर रही है।

# कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा वृक्ष लगाने व वितरण करने का कार्यक्रम शुरू

### 21 दिन में लगाएंगे 2000 से ढाई हजार तक के पौधे

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान वृक्ष लगाना व वृक्ष वितरण करने की शुरुआत रविवार से की गई द्य कार्यक्रम के संयोजक राकेश जमालपुरिया जानकारी देते हुए बताया कि 21 दिन के अंदर प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गांव-गांव व ढाणी ढाणी में जाकर पौधे वितरित करेंगे व पौधे लगाने का काम भी करेंग। के .के सैनी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक अधिक पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया जाएगा द्य कार्यक्रम के संयोजक राकेश



जमालपुरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान कार्यक्रम में शामिल के.के सैनी ,हंसा वर्मा ,मोहनलाल सैनी ,नाथूराम , राधेश्याम कुमावत, गुलाब शेरावत, रामपाल वर्मा ,सुनील कुमार ,गिरधारी ,भागीरथ ,महेश कुमार सहित समस्त टीम मौजूद रही।

## देर न हो जाए कहीं... और लाई वी न गई...जैसे लोकप्रिय गीतों ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया

### सुर वीणा संगीत संस्था का जेकेके में हुआ आगाज कार्यक्रम



**जयपुर।** सुर वीणा संगीत संस्था (रजि.) की ओर से बॉलीवुड फिल्मी गीतों का पहला रंगारंग संगीत कार्यक्रम आगाज़ जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में संजोया गया। कार्यक्रम का आरंभ में गायिका श्वेता ने भजन मेरो कान्हा गुलाब को फूल...प्रस्तुत किया। इसके बाद सुर वीणा समूह के संस्थापक तुलसीदास व नीलम हरपलानी ने देर न हो जाए... जैसी सूफी कव्वाली को पेश की बडी तादाद में मौजूद श्रोताओं को आनंदित कर दिया। श्वेता व रजनीश ने मारवाडी गीत पीली लूगडी..., विकास प्रज्ञा ने भीगी भीगी रातों में..., रमेश नज़कानी ने ये जो मोहब्बत है..., ऋतु वर्मा ने रहे न रहे हम..., योगी राजोरिया ने अलविदा..., रजनीश ने भगवान शिव का भजन खेले मसाने में होरी दिगंबर..., नंदिता ने ये समां..., तुलसीदास ने मशहूर ग़ज़ल चांदी जैसा रंग..., भानु बंसल ने लाई वी न गई...जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विभिन्न युगों के गीतों के साथ कव्वाली, गजल, भजन व मारवाडी गीतों का समावेश आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम में स्कॉर्पियंस डांस ट्रुप ने भी खूबसूरत कोरियोग्राफी से दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारां विधायक प्रतापसिंह सिंघवी, रिटायर्ड जिला जज प्रेमचंद शर्मा, एडिशनल एसपी सुनील प्रसाद शर्मा, स्नेहलता व राजेश भारद्वाज, जयपुर कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष कंचन आनंद एवं सुर वीणा की मेंटर और मार्गदर्शिका वीणा मोदानी भी मौजूद रहीं। संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया। अंत में समूह संस्थापक तुलसीदास व नीलम हरपलानी ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## संत रविदास प्रतिभा सम्मान समारोह, झालावाड मे मनाया जायेगा

**झालावाड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झालावाड़ द्वारा आयोजित होने वाले संत रविदास प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन बुधवार दिनांक 15 जुलाई को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झालावाड़ के ऑडिटोरियम में प्रात 11ः00 बजे आयोजितकिया जाएगा इस सम्मान समारोह में जीवन आधार एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सभी 400 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा सचिन निर्मला सेन ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक दीपेंद्र सिंह जी राठौड़ द्वारा उनसे इस समारोह में सहयोग करने के लिए कहा गया था जीवन आधार एजुकेशन सोसाइटी हमेशा से खेल ,शिक्षा ,महिला उत्थान तथा समाज सेवा के लिए अग्रणी रहा है इसी परंपरा को आगे बढ़ते हुए इस कार्यक्रम में प्रयोग करने की प्रस्ताव को स्वीकार किया

## आज ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

**झालावाड।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन प्रात: 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर अनुराग भार्गव ने बताया कि बताया कि 13 जुलाई को उपखण्ड झालावाड की ग्राम पंचायत गरवाडा व करलगांव, उपखण्ड पिडावा की ग्राम पंचायत ओडियाखेडी एवं शेरपुर, उपखण्ड भवानीमण्डी की ग्राम पंचायत पगारिया व पीपलिया, उपखण्ड गंगधार की ग्राम पंचायत कीटिया, उपखण्ड अकलेरा की ग्राम पंचायत थनावद व मैठून, उपखण्ड मनोहरथाना की ग्राम पंचायत जावर व शोरती तथा उपखण्ड खानपुर की ग्राम पंचायत गाडरवाडाडूण्डी व जरगा में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में 22 विभागों की सहभागिता रहेगी, जहां आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी, पात्रता अनुसार लाभ, आवेदन, शिकायत निस्तारण एवं अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं।

# विश्व उम्मीद दिवस के उपलक्ष पर विश्व शांति की उम्मीद के साथ गायत्री महायज्ञ में दी आहुतियां

### उम्मीद वह अदृश्य शक्ति है जो यह मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थिति में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है...... अशोक कुमार दायमा

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञापीठ भूरी कुड़ी पर विश्व उम्मीद दिवस के अवसर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य का दायित्व बद्री प्रसाद सैनी ने निर्वाह किया। लोक शांति व देश की खुशहाली की कामना के साथ गायत्री मंत्र,



महामृत्युंजय मंत्र, शिव गायत्री मंत्र ,नवग्रह मंत्र आदि के सामूहिक उच्चारण करते हुए यज्ञ में सामूहिक आहुतियां दी। तहसील सह समन्वयक अशोक कुमार दायमा ने उम्मीद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन अनिश्चितताओं से भरा है ऐसे में निराशा ,अवसाद, मानसिक तनाव जैसी समस्याएं आम हो गई हैं उम्मीद एक भावना नहीं बल्कि सीखी जाने वाली मानसिक क्षमता है जो हमें विपरीत परिस्थितियों में लड़ने की शक्ति देती है जब हम आशावादी होते हैं तो समस्याओं से घबराने की बजाय समाधान खोजने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं । बद्री प्रसाद सैनी ने बताया की उम्मीद ही वह महत्वपूर्ण शब्द है जिस पर दुनिया कायम है उम्मीद ही दुनिया का आखिरी छोर और अस्तित्व है इस अवसर पर मदन लाल सैनी, आलोक सैनी, संदीप सैनी, मनीष तंवर ,अजय चतरावला,आनंद खटीक, दिव्या दायमा ,अंकित ,डिंपल तंवर ,देविका तंवर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

# अमर शहीद बाबूलाल हरितवाल की प्रतिमा का अनावरण, रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

### पंचायती राज मंत्री खर्रा, सांसद राव राजेंद्र सिंह आदि ने दी श्रद्धांजलि

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**मनोहरपुर।** अमर शहीद बाबूलाल हरितवाल की प्रतिमा अनावरण समारोह के अवसर पर रविवार को गांव हनुतपुर में भव्य कार्यक्रम एवं विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण, युवा, पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधि एवं सेना के जवान शामिल हुए। सभी ने शहीद बाबूलाल हरितवाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। समारोह में राजस्थान सरकार के पंचायती राज मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा, शाहपुरा के पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी, सेना के कर्नल, पूर्व सैनिक एवं अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतिमा का अनावरण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि किसी शहीद का सम्मान केवल उसकी प्रतिमा तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका व्यक्तित्व



पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा बन जाता है। उन्होंने कहा कि यदि अमर शहीद बाबूलाल के सम्मान में सोने की सड़क भी बना दी जाए, तब भी वह उनके बलिदान के सामने छोटी होगी। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग पर उन्होंने शहीद के सम्मान में हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। पंचायती राज मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आज तक राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले सभी वीर योद्धा समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने शहीद परिवारों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। अपने संबोधन में विधायक महेंद्र पाल मीणा ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद सदैव अमर रहते हैं। उन्होंने शहीद बाबूलाल हरितवाल, उनके माता-पिता और पूरे परिवार को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों के कारण ही देश सुरक्षित है और देशवासी चैन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलकर राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कई युवाओं ने भावुक होकर कहा कि उन्हें गर्व है कि वे अमर शहीद बाबूलाल हरितवाल के नाम पर रक्तदान कर रहे हैं। इस दौरान कई लोगों की आंखें भी नम हो गईं और पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# "महात्मा बाब " की शहादत दिवस पर रक्त शिविर का किया आयोजन

**जयपुर।** स्थानीय आध्यात्मिक सभा, जयपुर की ओर से महात्मा बाब के 176वें शहादत दिवस पर उनकी याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सभा के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय आध्यात्मिक सभा के सचिव अनुज अनंत ने बताया कि महात्मा बाब के आदर्शों-सेवा, त्याग और मानवता की भावना को चरितार्थ करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया था। अनंत ने कहा की, महात्मा बाब की शहादत हमें सदैव प्रेरित करती है कि हम समाज की सेवा में लगें। रक्तदान सर्वोत्तम दान है, क्योंकि यह किसी की जान बचाता है। इस अवसर पर उनके आदर्शों पर आधारित संक्षिप्त चर्चा भी की गई। गौरतलब है कि दिव्यात्मा बाब का जन्म ईरान के शीराज शहर में 20 अक्टूबर 1819 में हुआ था। जिन्हे 9 जुलाई 1850 को मात्र 31 वर्ष की उम्र में शहीद कर दिया गया।आज, बाब की समाधि हाइफा, इज़राइल में कार्मल पर्वत पर स्थित है, जो बहाईयों के लिए एक पवित्र स्थल है।






# यमुना जल समझौता केवल एमओए नहीं, शेखावाटी के भविष्य की नई इबारत, हर हाल में पहुंचेगा पानीः डॉ. सतीश पूनियां

**जी राजस्थान के %एक कदम विकास की ओर% कार्यक्रम में विकास, जल संकट, शिक्षा, रोजगार और जनसेवा पर मंथन, सत्ता-विपक्ष ने एक मंच से शेखावाटी के लिए पानी को बताया सबसे बड़ा मुद्दा**

**सुमेर सिंह राव/झुंझुनूं।** शेखावाटी की सबसे बड़ी समस्या यदि किसी एक विषय को माना जाता है तो वह है–पानी। वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे झुंझुनूं, सीकर और चूरू जिले के लाखों लोगों के लिए हाल ही में हुआ यमुना जल समझौता उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है। इसी मुद्दे ने जिले के चिड़ावा में आयोजित जी राजस्थान न्यूज के विशेष जनसंवाद कार्यक्रम एक कदम विकास की ओर में भी सबसे अधिक स्थान पाया। कार्यक्रम में सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने अलग–अलग राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद एक स्वर में माना कि शेखावाटी के विकास की सबसे बड़ी कुंजी पानी है और यमुना जल परियोजना इस दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकती है। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां, राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट एमडी चोपदार, जी राजस्थान न्यूज के चैनल हेड डॉ. मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, उद्योगपति, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जी राजस्थान के चैनल हेड डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि मीडिया का दायित्व केवल खबरें दिखाना नहीं, बल्कि समाज और सरकार के बीच संवाद का ऐसा सेतु बनना भी है। जो समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि एक कदम विकास की ओर अभियान का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने के साथ–साथ विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं की वीर भूमि केवल शौर्य और बलिदान के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षा, उद्योग, समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए भी पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखती है। कार्यक्रम के दौरान बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के उप निदेशक अजय कुमार अग्रवाल ने भी झुंझुनूं में शिक्षा की संभावनाओं पर विचार रखे और केंद्र–राज्य सरकार के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संचालन एंकर चंद्रर्षि राजपूत ने किया। आभार जिला प्रभारी संदीप केडिया ने जताया। इस मौके पर जी न्यूज के सीनियर रिपोर्टर बाबूलाल धायल, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, भाजपा नेता राजेश दहिया, ओबीसी आयोग सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा नेता दिनेश धाबाई, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, सुभाष शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अरूणा सिहाग, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, भाजपा झुंझुनूं शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, भाजपा चिड़ावा शहर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र कोच, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमरसिंह तंवर, एडवोकेट सरजीत चौधरी, डॉ. डीएन तुलस्यान, भाजपा जिला मंत्री विनोद कुमावत, पवन–बंटी केडिया, विकास शर्मा लोटिया, अमित सुशील गोयल, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल, सूरजगढ़ सीआई रणजीत सेवदा, महेश आजाद, रामानंद शर्मा शिमला, रिटायर्ड एसआई बाबूलाल सैनी, टीएम खान आदि गणमान्यजन मौजूद थे।

## यह केवल पानी का समझौता नहीं, देश के लिए मिसाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां ने अपने संबोधन का केंद्र बिंदु यमुना जल समझौते को बनाया। उन्होंने कहा कि लगभग तीन दशक से लंबित इस विषय को सुलझाना आसान नहीं था। यह केवल दो राज्यों के बीच पानी का बंटवारा नहीं, बल्कि विश्वास, सहमति और राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और राजस्थान के बीच लंबे समय से चली आ रही बातचीत को केंद्र सरकार की पहल से नया रास्ता मिला। गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की मध्यस्थता में दोनों राज्यों ने जिस प्रकार सहमति बनाई। वह पूरे देश के लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि अन्य राज्यों के बीच जल विवाद होंगे तो यमुना जल समझौता एक मॉडल के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शेखावाटी की जनता की सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि समझौता कब हुआ। बल्कि यह है कि पानी कब पहुंचेगा। सरकार इस चिंता को समझती है। उन्होंने बताया कि तीन सौ किलोमीटर से अधिक लंबी पाइपलाइन, भूमि अधिग्रहण, तकनीकी स्वीकृतियां और निर्माण जैसे कार्यों में समय अवश्य लगेगा, लेकिन परियोजना पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। अपने भाषण में उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। शेखावाटी तक यमुना का पानी हर हाल में पहुंचेगा और झुंझुनूं, सीकर तथा चूरू की वर्षों पुरानी प्यास जरूर बुझेगी।

## जल समझौता दशकों की प्रतीक्षा का परिणाम– डॉ. अरुण चतुर्वेदी



राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि शेखावाटी का इतिहास संघर्ष का रहा है। यहां के लोगों ने सीमित संसाधनों में भी शिक्षा, उद्योग और सेना में देशभर में पहचान बनाई, लेकिन पानी की कमी हमेशा इस क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1994 में पहली बार यमुना जल समझौते की दिशा में प्रयास हुए थे, लेकिन वह धरातल पर नहीं उतर सके। इसके बाद कई वर्षों तक यह विषय राजनीतिक चर्चाओं तक सीमित रहा। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से समझौते को नया जीवन मिला है। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत पाइपलाइन के माध्यम से पानी सबसे पहले राजगढ़–सादुलपुर क्षेत्र तक पहुंचेगा और वहां से झुंझुनूं, सीकर एवं चूरू जिले में वितरण किया जाएगा। उन्होंने इसे केवल पेयजल परियोजना नहीं, बल्कि आने वाले दशकों में शेखावाटी के आर्थिक और सामाजिक विकास का आधार बताया। डॉ. चतुर्वेदी ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बिजली, सौर ऊर्जा, रोजगार, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं मजबूत होने से उद्योगों का विस्तार होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## डबल इंजन सरकार ने विकास को दी नई गति, पानी का सपना होगा साकार – जोराराम कुमावत

राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता के कारण राजस्थान विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि बिजली, पेयजल, सड़क, कृषि, पशुपालन और ग्रामीण विकास जैसे प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्षों से जिस पानी का इंतजार किया जा रहा था, उसे साकार करने की दिशा में अब ठोस कदम उठ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सतत प्रयासों से हरियाणा के साथ हुआ यह समझौता क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाला साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजना पूरी होने के बाद झुंझुनूं, सीकर और चूरू सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र को स्थायी पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे आमजन के जीवन के साथ कृषि और उद्योग को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

## चोपदार ने भी कहा–अब घोषणाएं नहीं, धरातल पर दिखे पानी

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट एमडी चोपदार ने अपने संबोधन में कहा कि शेखावाटी की जनता वर्षों से पानी का इंतजार कर रही है। उन्होंने यमुना जल समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि यह परियोजना तेजी से आगे बढ़े और लोगों को इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यदि पानी नहर के माध्यम से आता तो भूजल स्तर को भी लाभ मिलता, लेकिन अब पाइपलाइन के माध्यम से ही सही, जनता तक पानी पहुंचना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां से आग्रह किया कि हरियाणा और केंद्र सरकार में उनकी भूमिका को देखते हुए वे इस परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि चुनावी घोषणा बनकर न रह जाए बल्कि जल्द से जल्द धरातल पर दिखाई दे। चोपदार ने झुंझुनूं जिले में बड़े उद्योग लगाने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पानी आने के साथ यदि औद्योगिक निवेश भी बढ़ेगा तो युवाओं का पलायन रुकेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होंगे।

## मीडिया को समाधान की दिशा में काम करना चाहिए

कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि समाज में मीडिया की भूमिका लगातार बदल रही है। उन्होंने कहा कि केवल नकारात्मक खबरें दिखाना पत्रकारिता का उद्देश्य नहीं हो सकता। मीडिया को उन लोगों और संस्थाओं को भी सामने लाना चाहिए जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी राजस्थान का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में ऐसे संवाद आयोजित किए जाएं, जहां सरकार, समाज और विशेषज्ञ एक मंच पर बैठकर विकास के मुद्दों पर खुलकर चर्चा करें।

## शिक्षा, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले 15 व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। जन कल्याण युवा संस्था शाखा पिलानी के अध्यक्ष डॉ. मनोज जांगिड़ को 21 वर्षों में 13 हजार 500 से अधिक यूनिट रक्तदान करवाने, 19 जनों को नेत्रदान करवाने तथा 100 से अधिक लोगों का देहदान पंजीकरण करवाने के लिए सम्मानित किया गया। जिला गौ सेवा समिति के जिला कोषाध्यक्ष पवन गाडिया को गौवंश संरक्षण, गौशालाओं के संचालन एवं गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के जिला प्रभारी राधेश्याम सुखाड़िया को दिव्यांगजनों की सहायता एवं जनकल्याण कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सुनिल पाटोदिया फाउंडेशन के ट्रस्टी प्रदीप पाटोदिया को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। स्त्री शक्ति समूह की प्रतिनिधि ललित राठौड़, रविता झाझड़िया, सुमन मील को महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर सम्मानित किया गया। श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी चिड़ावा के सुरेश मालानी, रामचंद्र शर्मा और रामनिवास वर्मा को भारतीय संस्कृति, आध्यात्म एवं सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में उल्लेखनीय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। उप जिला अस्पताल चिड़ावा के पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। महावीर इंटरनेशनल से जुड़े श्यामसुंदर जालान नूआंवाला को चिकित्सा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अजमेर डिस्कॉम के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेश टीबड़ा को जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजकीय जमनादास अडूकिया विद्यालय चिड़ावा के प्रधानाचार्य प्रदीप मोदी को शिक्षा में नवाचार, विद्यालय विकास एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया। युवा निशानेबाज राहुल रणवां को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई करने पर सम्मानित किया गया। चिड़ावा पुलिस के कांस्टेबल अमित सिहाग को कई चर्चित आपराधिक मामलों के सफल खुलासे एवं अपराध अनुसंधान में उल्लेखनीय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। नगरपालिका खेतड़ी के सफाई निरीक्षक सुनिल सैनी को स्वच्छता व्यवस्था में सुधार एवं जनभागीदारी आधारित अभियान चलाने के लिए सम्मानित किया गया। बीसीएमओ कार्यालय खेतड़ी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र सैनी को जनस्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं जिला विशेष टीम के कांस्टेबल अमित मोटसरा को इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, गंभीर मामलों के खुलासे एवं अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## कार्यक्रम सहयोगियों को भी मिला सम्मान

कार्यक्रम में समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जनसेवा एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों को भी सम्मानित किया गया। डॉ. मधुसूदन मालानी को चिकित्सा सेवा, जनकल्याण एवं शेखावाटी के विकास में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मोदी वर्ल्ड स्कूल, विज्डम सिटी के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, डायरेक्टर आकाश मोदी, प्रिंसिपल डॉ. रविशंकर शर्मा तथा छात्रावास अधीक्षक कुरड़ाराम धींवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैश्विक दृष्टिकोण एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी को 80 वर्षों से अधिक समय से उत्कृष्ट आवासीय शिक्षा एवं नेतृत्व निर्माण की गौरवशाली परंपरा के लिए सम्मानित किया गया। बिरला स्कूल पिलानी को 125 वर्षों की समृद्ध शैक्षिक विरासत एवं आधुनिक शिक्षा में नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी को बालिका शिक्षा, वैश्विक नेतृत्व निर्माण एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। महालक्ष्मी ज्वैलर्स के महासिंह मांठ को शुद्धता, विश्वास एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ आभूषण व्यवसाय में उल्लेखनीय पहचान स्थापित करने पर सम्मानित किया गया। आरएपीएल ग्रुप (राजस्थान औषधालय प्रा. लि.) के साजिद दिवान को आयुर्वेद, अनुसंधान एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सात दशकों से अधिक के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगरपालिका खेतड़ी को स्वच्छता, आधारभूत विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन चिड़ावा के चेयरमैन सुनिल डांगी को बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करने पर सम्मानित किया गया। नगर परिषद झुंझुनूं के एईएन लोकेश दूलड़ को शहरी विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। नगरपालिका चिड़ावा के ईओ दिनेश नूनियां को जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए सम्मानित किया गया। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा के सदस्य अनिकेत रणवां को आधुनिक, संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगर पालिका पिलानी को शहरी सेवा शिविर–2026 के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत एवं बेहतर नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. अन्नूश्रीज़ श्री डायग्नोस्टिक्स झुंझुनूं के संरक्षक समाजसेवी शीशराम हलवाई को अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं के माध्यम से शेखावाटी में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। नगरपालिका विद्या विहार को शिक्षा नगरी के अनुरूप स्वच्छता, सुव्यवस्थित विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के वेन्यू पार्टनर सोमरा मैरिज गार्डन चिड़ावा की वर्षा सोमरा तथा मनोज पचार को उत्कृष्ट आयोजन सुविधाएं एवं भव्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया।

## शेखावाटी की समस्याओं और संभावनाओं पर भी हुई चर्चा

वक्ताओं ने कहा कि शेखावाटी केवल सैनिकों की भूमि नहीं, बल्कि शिक्षा, उद्योग और उद्यमिता की भी राजधानी रही है। यहां से देश–विदेश में हजारों लोग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यदि पानी, उद्योग और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं तो यह क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है। कार्यक्रम में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, निवेश, नगर निकायों के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सामाजिक सहभागिता जैसे अनेक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। करीब दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शेखावाटी के विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीर संवाद का मंच बताया। वक्ताओं ने कहा कि विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और मीडिया की साझी भागीदारी से ही क्षेत्र को नई दिशा मिल सकती है।

# जयसिंहपुरा खोर में भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में देश मे शांति, खुशहाली व अच्छी वर्षा के लिए विशाल महायज्ञ का आयोजन

युवा जागृति संगठन एवं भगवान श्री झूलेलाल मंदिर सेवा समिति (जयसिंहपुरा खोर) के संयुक्त तत्वावधान में देश में शांति, खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी ने बताया की भगवान झूलेलाल मंदिर, सब्जी मंडी, सुपर बाजार, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर में सायंकाल 5:15 बजे से 7:30 बजे तक पंडित धर्मेंद्र शर्मा के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर महायज्ञ किया गया आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। इस धार्मिक आयोजन में समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, गिरधारी कृष्णानी ,किशन पुजानी, अजय मूलचंदानी, कमलेश नानवानी, नरेंद्र जोधपुरी समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, राजेश टहलानी, दीपक धामेजानी, शशि कांत शर्मा, मनोज सेवानी, कृष्ण कुमार अग्रवाल ( मनीष ), देवीदास चेलानी, करण अलवानी, मुकेश तोतलानी, धर्मेंद्र पमनानी, विजय वाधवानी, कमल देवजानी कन्हैया लाल पारवानी, विजय कुमार हरलानी, मनोज जेसवानी, श्याम ज्ञानानी, राजेश गोपलानी, मुकेश मोतियानी, प्रेमचंद फूलवानी, ललित तीर्थानी, श्याम कमलानी, तरुण मोटवानी, धर्मेंद्र त्रिलोकानी, अक्षय रजवानिया नरेंद्र जेठवानी, राहुल लोकवानी, मनीष पारवानी, राजू फालूदा, धर्मेंद्र महाराज, निशा शर्मा गुरयानी, देवकी सुमनानी, नन्दिनी धनकानी, बरखा गेहानी, आशा, लता थदानी दिया, जयसिंघानी,नारायणी देवी, लालपुरी गोस्वामी, पुरुषोत्तम उमरानी, महेश खटवानी, मनीष सोमानी, दिनेश विजयवर्गीय, ओमप्रकाश सैनी, खेमचंद केलवानी, पदमा हेमनानी, हर्षा सेवानी, अंजना त्रिलोकानी, छबल दास नवलानी सहित अनेक गणमान्यजन आयोजन में उपस्थित रहे





# सीएम बोले- कर्मचारी गुड गवर्नेंस और डवलप राजस्थान के सारथी

## कहा- कर्मचारी हितों को प्राथमिकता दे रही सरकार, संघ ने जताया आभार





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का प्रत्येक कर्मचारी गुड गवर्नेंस की धुरी और विकसित राजस्थान-2047 के महत्वपूर्ण सारथी है। ऐसे में हमारी सरकार कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। इसके लिए हमने पदोन्नति (प्रमोशन) प्रक्रिया को सरल बनाया है। कर्मचारियों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार तीन साल में निर्धारित अनुभव में 2 साल छूट दी गई है। इसमें प्रावधान किया गया है कि जिन कर्मचारियों ने पिछले तीन साल में इस छूट का लाभ नहीं लिया है, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन किए जाएंगे। इस निर्णय से हजारों कर्मचारियों को समय पर प्रमोशन का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में भी केंद्र सरकार के अनुरूप ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री का रविवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी एवं सचिवालय कर्मचारी संघ ने पदोन्नति के लिए अनुभव में 2 साल की छूट और नए पदों के सृजन को लेकर अभिनंदन किया।

### कमेटी 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 30 जून को सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों को नोशनल वेतन वृद्धि के साथ पेंशन का प्रावधान किया हैं। वहीं, पेंशनर के 70 साल की आयु पूरी करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता और कर्मचारी की मृत्यु होने पर 10 वर्ष तक बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा आरजीएचएस के तहत महिला और पुरुष कर्मचारियों को अपने माता-पिता या सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि वेतनमान से जुड़े विषयों के अध्ययन के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया है, जो 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों पर भी विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के अन्य महत्वपूर्ण फैसलों में एक साल के भीतर कर्मचारी द्वारा पद त्यागने की स्थिति में उस पद को प्रतीक्षा सूची से भरा जाना और सेवा अवधि में स्थायी अक्षमता होने पर कार्मिक के आश्रित को भी अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना शामिल हैं।

### महिला कर्मचारियों के लिए विशेष प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में सरकार ने अहम कदम उठाए हैं।

जिसके तहत अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में पुत्रवधू को भी शामिल किया गया है। साथ ही, एकल महिला कर्मचारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव 3 के स्थान पर 6 चरणों में स्वीकृत करना और कार्यस्थल पर बेहतर एवं तनावमुक्त वातावरण देने के लिए मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन स्थापित करना भी महत्वपूर्ण कदम है।

### नए पदों से सचिवालय हुआ और मजबूत

उन्होंने कहा कि शासन सचिवालय की कार्यकुशलता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 15 सहायक शासन सचिव, 67 सहायक अनुभाग अधिकारी तथा 67 लिपिक ग्रेड प्रथम सहित कुल 149 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और विभागीय पदोन्नति के मार्ग भी अधिक सुगम बनेंगे।

# पेपर लीक के खिलाफ सड़कों पर दौड़ेंगे हजारों छात्र

### एनएसयूआई की 5किमी मैराथन कल; विनोद जाखड़ भी होंगे शामिल; विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार



**जयपुर।** देशभर में भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक के खिलाफ सोमवार (13 जुलाई) को जयपुर में छात्र सड़क पर उतरेंगे। राष्ट्रीय छात्र संगठन राजस्थान ने रन अगेंस्ट पेपर लीक थीम पर 5 किलोमीटर की मैराथन का आयोजन किया है। इस मैराथन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ भी मौजूद रहेंगे। विनोद जाखड़ ने बताया- मैराथन सोमवार सुबह 5ः30 बजे राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होगी। यहां से प्रतिभागी दौड़ते हुए अल्बर्ट हॉल तक जाएंगे और फिर वापस राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचकर मैराथन का समापन करेंगे। मैराथन को और अधिक उत्साहजनक बनाने के लिए टॉप 3 महिला और पुरुष कैटेगरी के विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह केवल खेल नहीं, युवाओं के हक की लड़ाई है जाखड़ ने कहा कि इस मैराथन के जरिए देश में भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई जाएगी। पिछले कुछ सालों में पेपर लीक और अनियमितताओं की घटनाओं ने लाखों युवाओं के भविष्य पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। इससे सालों तक तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं। ऐसे में यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि छात्रों की आवाज को बुलंद करने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग का प्रतीक बनेगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जाखड़ ने आगे कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार और संबंधित एजेंसियों का ध्यान छात्रों की गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना है। जाखड़ ने मांग की कि भर्ती परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और पेपर लीक के मामलों में दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए। इसी मांग को लेकर कल हजारों की संख्या में युवा सड़क पर उतरेंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# तालाब में नहाते समय 6 डूबे, 4 भाई-बहनों की मौत

## परिवार में अब केवल माता-पिता बचे; छुट्टियों के लिए आई भांजी भी हादसे का शिकार

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के बड़ी गांव में वात्रक तालाब में नहाने पहुंचे 4 भाई-बहनों की डूबने से मौत हो गई। इनमें 3 सगे और एक उनकी फुफेरी बहन है। वहीं, 2 बच्चों को उनमें से एक के पिता ने बचा लिया। मृतकों में से एक लड़की गुजरात के पालनुपर की रहने वाली है। जबकि, तीन बडी गांव के ही निवासी हैं। तीनों की मौत के बाद परिवार में अब केवल माता-पिता बचे हैं। घटना रविवार सुबह 10 बजे की है।





### नहाते समय तालाब की गहराई में चले गए थे

धम्बोला थाना पुलिस के अनुसार हादसे में बड़ी गांव के रहने वाले बाबूसिंह डामोर की बड़ी बेटी हिना (24), बेटा प्रतीक (20), छोटी बेटी इशिता (15) की मौत हो गई। बच्चों की फुफेरी बहन रौनक (20) पुत्री गौतम भाई परमार निवासी पालनपुर ने भी दम तोड दिया। हादसे में राजवीर पुत्र कोहरा डामोर, जयसिंह पुत्र सुरेश डामोर को बचा लिया। दोनों घायल सीमलवाड़ा हॉस्पिटल में एडमिट हैं।

### परिवार के सभी बच्चों की मौत

किसान बाबूसिंह डामोर के 2 बेटियां और एक बेटा ही थे। अब परिवार में कोई बच्चा नहीं है। बड़ी बेटी हिना गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। जबकि भाई प्रतीक ने 12वीं कक्षा पास करने के बाद फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आवेदन किया था। सबसे छोटी बहन इशिता 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। डामोर की भांजी रौनक 4 दिन पहले ही मामा के घर आई थी। वो भी मामा के बच्चों के साथ तालाब में नहाते हुए हादसे का शिकार हो गई। रौनक के परिवार के लोग सूचना के बाद पालनपुर से रवाना हो गए हैं।

### पिता ने बेटे और उसके साथी को बचाया

हादसे में बचे दो बच्चों जयसिंह और राजवीर को जयसिंह के पिता ने बचा लिया। जानकारी के अनुसार जयसिंह के पिता सुरेश सिंह तालाब के पास ही थे। वे बच्चों का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बडी मुश्किल से अपने बेटे और राजवीर को पानी से बाहर खींचा। लेकिन वे बचे हुए 4 और को बचाते उससे पहले ही वे चारों डूब गए।

# चूरू में 2 इंच बरसात, बाड़मेर में बारिश के लिए हवनः श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म, राजस्थान से गायब हुए मानसून वाले बादल

**बीकानेर।** राजस्थान में मानसून कमजोर पड़ने के बाद भी शनिवार को कुछ हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहा। वहीं, आज 15 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग की तरफ से कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। सैटेलाइट इमेज में राजस्थान के ऊपर से मानसून वाले बादल गायब नजर आ रहे हैं। उधर, बाड़मेर जिले के भुरटिया गांव में किसानों ने अच्छी बारिश के लिए हवन किया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश सादुलपुर (चूरू) में हुई। यहां 2 इंच से ज्यादा पानी बरसा। मानसून के कमजोर और




बादलों के गायब होने से गर्मी-उमस बढ़ गई। शनिवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म जिला रहा। यहां दिन का तापमान 42 डिग्री के करीब रहा।

### गर्मी-बारिश के बड़े अपडेट्स

कहां कितनी बारिश हुई- पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश चूरू के सादुलपुर में 55 एमएम हुई। वहीं, झुंझुनूं में 18 एमएम, अलवर और खैरथल तिजारा में महज 1-1 रूबारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा श्रीगंगानगर में 28 एमएम, हनुमानगढ़ में तीन से 38 एमएम तक बारिश हुई है।

**श्रीगंगानगर फिर सबसे गर्मः** शनिवार को श्रीगंगानगर सहित 3 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और उससे ऊपर रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में पारा 41.7 डिग्री रहा। फलोदी 40.6 डिग्री और जैसलमेर 40 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही बीकानेर, बाड़मेर जोधपुर में तेज गर्मी रही। **आगे क्याः** राजस्थान में 15 जुलाई तक किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया। वहीं, रविवार (12 जुलाई) मौसम विभाग ने झुंझुनूं, सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, खैरथल-तिजारा, डीग, दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, जालोर, सिरोही, उदयपुर और डूंगरपुर में बारिश की संभावना जताई है।

### राजस्थान के बड़े शहरों में कैसा रहा मौसम

राजधानी में शनिवार को मौसम साफ रहा। दिन में धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया। वहीं, हल्के बादल भी छाए। इस दौरान तापमान में कुछ कमी आई है। यहां रात के तापमान में 4.4 डिग्री की गिरावट हुई है। जयपुर में अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।